# नया Wyndham क़ानून न्यायालय सोमवार, 10 नवंबर 2025 से खुल रहे हैं।

Werribee मैजिस्ट्रेट्स कोर्ट **शुक्रवार, 31 अक्टूबर** से स्थायी रूप से बंद हो जाएगा।

नए Wyndham क़ानून न्यायालय का पता है **17 Basalt Road, Werribee**, जो Werribee पुलिस स्टेशन के बगल में स्थित है।

नया Wyndham क़ानून न्यायालय भवन, मेलबर्न के केंद्रीय व्यावसायिक ज़िले के बाहर सबसे बड़ा न्यायालय परिसर है और यह विक्टोरियाई मजिस्ट्रेट न्यायालय, विक्टोरियाई बाल न्यायालय और विक्टोरियन सिविल और प्रशासनिक न्यायाधिकरण (VCAT) की सेवाएं प्रदान करेगा।

नए भवन में न्यायालय उपयोगकर्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कई सुविधाएं होंगी, जिनमें शामिल हैं:

- आरामदायक प्रतीक्षा क्षेत्र, अदालतें और प्राकृतिक प्रकाश और अच्छी ध्वनिकी वाले सुनवाई-कक्ष
- उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए अलग प्रवेश द्वार, प्रतीक्षा क्षेत्र और दूरस्थ सुनवाई (रिमोट हियरिंग) सुविधाएं
- अक्षम लोगों के लिए सुलभ सुविधाएं, हियरिंग लूप्स (सुनने को सुलभ बनाने वाले उपकरण), सुलभ बाथरूम, सुलभ पार्किंग, और अधिक सहायता की आवश्यकताओं वाले लोगों के लिए एक 'चेंजिंग प्लेस सुलभ शौचालय'
- माता-पिता के लिए कमरे (parents' room), बच्चों के अनुकूल क्षेत्र, शांत संवेदी कमरे (quiet sensory rooms) और एक पवित्र स्थल प्रार्थना कक्ष (Sacred Space Prayer Room)
- बुक करने योग्य कार्यस्थल, साक्षात्कार और बैठकों के लिए कमरे
- सामुदायिक जुड़ाव (Community Connections) ड्रॉप-इन क्षेत्र जो सामुदायिक सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराते हैं
- बाहर स्थित एक कैफे और बगीचे-युक्त बाहरी छतें (टैरेस)

*नया Wyndham क़ानून न्यायालय*






## वहाँ पहुँचना

**कार से:** स्थल पर निःशुल्क कार और साइकिल पार्किंग उपलब्ध है।

**रेलगाड़ी से:** यह न्यायालय Werribee और Hoppers Crossing दोनों रेलवे स्टेशनों से लगभग 2.2 किमी दूर हैं।

**बस से:**

- Werribee रेलवे स्टेशन से रूट 170 या 153 बस पकड़ें।
- Hoppers Crossing रेलवे स्टेशन से रूट 153 बस पकड़ें।

Derrimut Rd/Princes Hwy चौराहे के निकटतम स्थित स्टॉप्स पर उतरें।

## Wyndham क़ानून न्यायालय में पहुँचने के बारे में

सुरक्षा जाँच से गुज़रने के लिए सुनवाई के समय से 30 मिनट पहले पहुंचें। यह जानने के लिए कि कहाँ जाना है, फॉयर में लगी सूचीकरण स्क्रीनें या कियोस्क पर देखें और आपके न्यायालय या सुनवाई कक्ष के लिए बताए गए दिशा-निर्देश संकेतों का पालन करें। यहाँ पहुंचने के लिए सीढ़ियों और लिफ्ट का सहारा लिया जा सकता है।

**Wyndham क़ानून न्यायालय सोमवार से शुक्रवार सुबह 8.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक खुला रहता है। सेवा काउंटर सुबह 9 बजे खुलते हैं।**

**3 से 10 नवंबर 2025 के बीच सहायता के लिए विक्टोरिया मजिस्ट्रेट कोर्ट से (03) 9087 5730 पर संपर्क करें। यदि कोई आपातकालीन स्थिति हो, तो ट्रिपल 000 पर फ़ोन करें।**

**अपनी यात्रा की योजना बनाएं,** सेवाओं और अदालती प्रक्रियाओं के बारे में और अधिक जानकारी के लिए www.courts.vic.gov.au/projects/wyndham-law-courts-development पर जाएं

COURT SERVICES VICTORIA
MCV Magistrates' Court of Victoria
Children's Court of Victoria
VCAT Victorian Civil & Administrative Tribunal